भा.श्री.अनु.सं.

क्रम सं. 238 अगस्त, 2023

# श्री अन्न समाचार पत्र

हैदराबाद * सोलापुर * वरंगल




भाकृअनुप—भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान, राजेन्द्र नगर, हैदराबाद - 500 030, तेलंगाना, भारत

## संस्थान अनुसंधान परिषद (संअनुप) की बैठक




भाकृअनुप-भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद में जारी संस्थागत परियोजनाओं पर प्रगति की समीक्षा एवं चर्चा हेतु 10, 11 तथा 14 अगस्त, 2023 के दौरान संस्थान अनुसंधान परिषद की बैठक आयोजित की गई। डॉ. सी तारा सत्यवती, निदेशक भाश्रीअनुसं तथा अध्यक्ष, संअनुप ने बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में बाह्य विशेषज्ञों - डॉ. वी के सिंह, निदेशक, केंबाकृअनुसं, हैदराबाद, डॉ. जे वी पाटिल, भूतपूर्व निदेशक, भाश्रीअनुसं, हैदराबाद एवं डॉ. ए निर्मलाकुमारी, प्रभारी अधिकारी (सेवानिवृत्त), लघु श्री अन्न पर अभासअनुप, आथियांदल, तमिलनाडु, डॉ. आर मधुसूदन, प्रभारी पीएमई कक्ष, भाश्रीअनुसं और डॉ. आई के दास, सदस्य सचिव-संअनुप, के अलावा संस्थान के वैज्ञानिक भी उपस्थित थे।

प्रथम 2 दिन अर्थात 10 और 11 अगस्त, 2023 को आयोजित विचार-विमर्श के दौरान कुल 45 परियोजनाओं की गहन समीक्षा और चर्चा की गई। प्रधान अन्वेषकों के द्वारा संबंधित परियोजना के प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किए गए। 14 अगस्त, 2023 को कुल 10 नए परियोजना प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए और उन पर चर्चा की गई। नए प्रस्तावों के अलावा, मध्यावधि सुधार हेतु सुझाव दी गई तीन परियोजनाएं भी प्रस्तुत की गईं और उन पर चर्चा की गई।

## "मिलेट्स फर्स्ट" मोबाइल ऐप का विकास

भाकृअनुप-भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद ने हाल ही में श्री अन्न के महत्व एवं उत्पादन, प्रसंस्करण प्रौद्योगिकियों संबंधी तकनीकी जानकारी तथा बाजार प्रवृत्ति के बारे में लोगों में जागरूकता पैदा करने के लिए "मिलेट्स फर्स्ट" नामक एक मोबाइल एप्लिकेशन का शुभारंभ किया है। यह ऐप मुख्य रूप से सभी उपयोगकर्ताओं जैसे श्री अन्न उत्पादकों, विस्तार अधिकारियों, उद्यमियों, छात्रों, शिक्षाविदों और नीति निर्माताओं को श्री अन्न संबंधी परामर्श और किसानों की आय बढ़ाने तथा खाद्य एवं पोषण सुरक्षा के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु डॉ. राजेंद्र आर चापके, प्रधान वैज्ञानिक, भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद के द्वारा विकसित किया गया है। इस ऐप को स्वत्वाधिकारी पंजीकरण (डायरी संख्या 3725/2022-सीओ/एसडब्ल्यू) मिल चुका है। इसे भाकृअनुप प्रौद्योगिकियों के कृषि-नवाचार में सूचीबद्ध एवं भाकृअनुप द्वारा प्रमाणित किया गया है। यह शीघ्र ही सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध होगा।

## दुखद निधन



यह अत्यंत दु:ख के साथ सूचित किया जाता है कि डॉ. एम एलंगोवन (54), प्रधान वैज्ञानिक-आर्थिक वनस्पति विज्ञान, भाकृअनुप-भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान (भाश्रीअनुसं) का 21 अगस्त, 2023 को हृदय गति रुकने से निधन हो गया। डॉ. एलंगोवन, श्री अन्न जननद्रव्य संग्रह, लक्षण वर्णन, संरक्षण, रापाआसंप्र, पौकिकृअसंप्रा में पंजीकरण तथा संप्रौप्रस एवं जेडटीएमयू गतिविधियों, प्रकाशनों, पुस्तकों, पुरस्कारों जैसी कई योग्यता संपन्न एक कर्मठ जननद्रव्य वैज्ञानिक थे। वह भाश्रीअनुसं में जीन संग्रह की

स्थापना करने वाले प्रमुख व्यक्ति थे। वे एक महान प्रशिक्षक, दार्शनिक, आध्यात्मिक और सबसे प्रमुख, एक अच्छे इंसान थे। उनका असामयिक निधन भाकृअनुप और विशेष रूप से भाश्रीअनुसं के लिए एक अपूरणीय क्षति है। संपूर्ण भाश्रीअनुसं परिवार ने शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त की है।

## नवोद्यम उज्ज्वलन कार्यक्रम

भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद ने क्रमशः 14 एवं 24 अगस्त, 2023 के दौरान " श्री अन्न प्रसंस्करण के क्षेत्र में व्यावसायिक अवसर" शीर्षक से दो नवोद्यम उज्ज्वलन कार्यक्रम आयोजित किए। इसमें तेलंगाना, कर्नाटक, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, ओडिशा, नई दिल्ली, राजस्थान तथा पश्चिम बंगाल राज्यों से कुल 86 सहभागियों ने भाग लिया। प्राथमिक और माध्यमिक श्री अन्न प्रसंस्करण सुविधाओं से संबंधित सत्र चलाए गए तथा उत्कृष्टता केंद्र, सामान्य सुविधा केंद्र एवं पोषण केंद्र का ज्ञानवर्धक दौरा कराया गया। डॉ. जे स्टेनली, वरिष्ठ वैज्ञानिक ने भाश्रीअनुसं में उपलब्ध उष्मायन सुविधाओं, विभिन्न उपलब्ध प्रौद्योगिकियों और लाइसेंसिकरण प्रक्रियाओं पर सत्र का संचालन किया। डॉ. बी दयाकर राव, प्रधान वैज्ञानिक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी, पोषण केंद्र के द्वारा प्रतिभागियों के साथ श्री अन्न क्षेत्र में व्यावसायिक अवसरों से संबंधित एक परस्पर वार्ता सत्र आयोजित किया गया। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों का समन्वय डॉ. वी रवि कुमार, तकनीकी अधिकारी के द्वारा किया गया।



## "श्री अन्न फसल उत्पादन, प्रसंस्करण, मूल्य वर्धन तथा विपणन में अभिनव प्रगति" पर लघु पाठ्यक्रम

भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद ने " श्री अन्न फसल उत्पादन, प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन तथा विपणन में अभिनव प्रगति" पर 16 - 25 अगस्त 2023 के दौरान 10 दिवसीय ऑनलाइन लघु पाठ्यक्रम का आयोजन किया। डॉ. सी तारा सत्यवती, मुख्य पाठ्यक्रम निदेशक तथा निदेशक, भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद तथा मुख्य अतिथि डॉ. आर सी अग्रवाल, उप महानिदेशक (शिक्षा), भाकृअनुप, नई दिल्ली ने संयुक्त रूप से इस लघु पाठ्यक्रम का उद्घाटन किया। इस लघु पाठ्यक्रम में विभिन्न कृषि विषयों और संबद्ध क्षेत्रों से, भारतभर से कृषि अधिकारी, कृषि छात्र, एसएमएस, केवीके कर्मचारी, सहायक प्रोफेसर, डीन, सेवानिवृत्त वैज्ञानिक, किउसं कर्मचारी, युवा उद्यमी शामिल लगभग 500 सहभागियों ने भाग लिया। पाठ्यक्रम निदेशक ने शोधकर्ताओं, वैज्ञानिकों, किउसं कर्मचारियों, उद्यमियों, अनुसंधान विद्वानों और अन्य स्नातकों के लिए फसल सुधार, उत्पादन, लोक-प्रचार, व्यावसायीकरण व श्री अन्न के बाजार संपर्क संबंधी पहलुओं पर डिज़ाइन किए गए लघु पाठ्यक्रम के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। डॉ. संगप्पा ने किउसं-नेस्ट के साथ इस 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समन्वय किया।

## उन्नत श्री अन्न उत्पादन, प्रसंस्करण और मूल्य वर्धित प्रौद्योगिकियों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

आत्मा के पदाधिकारियों के साथ सिवनी ज़िले के 40 उत्साही सहभागियों के एक समूह ने भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद के द्वारा 22-24 अगस्त 2023 के दौरान “उन्नत श्री अन्न उत्पादन, प्रसंस्करण और मूल्य वर्धित प्रौद्योगिकी” पर आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया। उन्हें सावां फसल में बेहतर उत्पादन कृषि कार्यों से अवगत कराया गया। डॉ. अमसिद्ध बी ने सावां की उत्पादकता बढ़ाने के लिए उन्नत उत्पादन तकनीकों का प्रदर्शन किया तथा उन्होंने भारत, विशेष रूप से मध्य प्रदेश में खेती के लिए विकसित उन्नत खेती तकनीकों के बारे में जानकारी प्रदान की और किसानों को इसकी उन्नत किस्मों की खेती हेतु प्रोत्साहित किया। किसानों को सावां की नई किस्मों एवं गुणतायुक्त बीज की उपलब्धता के बारे में बताया गया। डॉ. संगप्पा, वैज्ञानिक ने उन्हें किसान उत्पादक संगठनों (किउसं) के लाभों और प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना तथा सावां के मूल्य वर्धन की प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी दी।

## गाजरघास (पार्थेनियम) जागरूकता सप्ताह

भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद एवं सोलापुर स्थित रबी ज्वार अनुसंधान केंद्र में 16-22 अगस्त, 2023 के दौरान पार्थेनियम

जागरूकता सप्ताह मनाया गया। पार्थेनियम जागरूकता के संबंध में 16 अगस्त, 2023 को डॉ. सी तारा सत्यवती, निदेशक की संक्षिप्त टिप्पणियों के साथ इस कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। तत्पश्चात कार्यालय परिसर को गाजरघास खरपतवार से मुक्त किया गया। वैज्ञानिक, तकनीकी, प्रशासनिक, सहायक कर्मचारी और विभिन्न परियोजनाओं में कार्यरत कर्मचारी सहित सभी कार्मिकों ने एलर्जीरोधी सावधानियों के साथ अनुसंधान प्रक्षेत्रों, कार्यालय परिसर एवं अन्य क्षेत्रों से छोटे व बड़े सभी पार्थेनियम पौधे उखाड़कर, वर्मीकम्पोस्ट तैयार करने के प्रयोजन से प्रत्येक प्रक्षेत्र में एक स्थान पर एकत्र किए। इस सप्ताह के दौरान रबी ज्वार अनुसंधान केंद्र, सोलापुर में भी सभी कर्मचारियों ने कार्यालय और प्रक्षेत्र परिसर से गाजरघास उन्मूलन कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन भाश्रीअनुसं हैदराबाद में डॉ. बी गंगय्या तथा दल के सदस्य - डॉ. आर स्वर्णा, डॉ. बी अमसिद्ध, श्री के श्रीनिवास बाबू, श्री विलास आघव एवं श्री जे भगवंतम और रबी ज्वार अनुसंधान केंद्र, सोलापुर में डॉ. आर बसवराज और डॉ. पी परशुराम ने किया।



## सतर्कता जागरूकता अभियान

भाकृअनुप-भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद ने भाकृअनुप के परिपत्र के अनुसरण में, आगामी सतर्कता जागरूकता सप्ताह, 2023 के पुरोगामी रूप में तीन माह (16 अगस्त, 2022 से 15 नवंबर, 2023) के सतर्कता जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया। भाश्रीअनुसं ने इस 3 माह के दौरान "लोकहित प्रकटीकरण और सूचनादाता (मुखबिरों) संरक्षण" (पीआईडीपीआई) संकल्प के बारे में जागरूकता पर विशेष ध्यान देने के अलावा, व्याख्यानों के आयोजन, जन-संपर्क, ग्राम सभाओं की व्यवस्था, कर्मचारियों हेतु खरीद के क्षेत्र में निवारक सतर्कता उपाय पर प्रशिक्षण की व्यवस्था, आचार संहिता और प्रशासन, संगठन की प्रणालियों और प्रक्रियाओं आदि क्षेत्रों में विभिन्न गतिविधियां के आयोजन पर विचार किया। डॉ. सी अरुणा, प्रधान वैज्ञानिक (भाश्रीअनुसं) हैदराबाद, और डॉ. बसवराज, वरिष्ठ वैज्ञानिक (रबी ज्वार अनुसंधान केंद्र) सोलापुर इस अभियान के समन्वयक थे।

## समझौता ज्ञापन

भाकृअनुप- भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान ने छात्रों के अनुसंधान हेतु सुविधाएं प्रदान करने के लिए कर्नाटक राज्य ग्रामीण विकास और पंचायतीराज विश्वविद्यालय, गडग, कर्नाटक के साथ समझौता ज्ञापन किया है, जिस पर 25 अगस्त, 2023 को प्रोफेसर बसवराज एल लक्कन्नावर, कुलसचिव, कराग्राविपंराविवि एवं डॉ. सी तारा सत्यवती, निदेशक, भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं ने हस्ताक्षर किए हैं।

## स्वतंत्रता दिवस समारोह

भाकृअनुप-भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान में 15 अगस्त, 2023 को बड़े हर्षोल्लास के साथ देश का 77वां स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाया गया। डॉ. सी तारा सत्यवती, निदेशक ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर कर्मचारियों को संबोधित किया। डॉ. तारा सत्यवती ने भारत में खाद्य एवं पोषण सुरक्षा की चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रतिबद्धता हेतु स्वयं को समर्पित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने संस्थान को गौरवान्वित करने वाले भाश्रीअनुसं स्टाफ के कठिन परिश्रम की सराहना की। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय श्री अन्न वर्ष 2023 के दौरान आयोजित की जा रही गतिविधियों पर भी प्रकाश डाला। यद्यपि पिछले कुछ वर्षों के दौरान अच्छी प्रगति हुई है, लेकिन भाश्रीअनुसं को श्री अन्न वैश्विक उत्कृष्टता केंद्र के रूप में उन्नत किए जाने को ध्यान में रखते हुए अनुसंधान के साथ-साथ नई चुनौतियों का सामना करना हेतु तत्पर रहना है। इस समारोह में भाश्रीअनुसं के स्टाफ के बच्चों ने भी सक्रिय रूप



से भाग लिया और देशभक्ति गीतों का गायन किया। श्री विलास डी आघव, प्रक्षेत्र अधीक्षक तथा श्री जे भगवंतम, तकनीकी सहायक ने इस कार्यक्रम का समन्वय किया।

## श्री अन्न संग रसोई

भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद में 23 अगस्त, 2023 को "श्री अन्न संग रसोई" पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, ओडिशा, दिल्ली से कुल 30 सहभागियों ने भाग लिया। सहभागियों को श्री अन्न व्यंजनों जैसे कंगनी बिस्बिलाभात , श्री अन्न केक, मफिन, कुकीज़ आदि पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। सहभागियों में श्री अन्न संग रसोई के महत्वपूर्ण बिंदू साझा किए गए। सुश्री विजय लक्ष्मी के द्वारा श्री अन्न व्यंजन निर्माण का प्रत्यक्ष प्रदर्शन किया गया एवं डॉ. वी रवि कुमार, तकनीकी अधिकारी के द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम का समन्वय किया गया।



## राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक

भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद के राजभाषा कार्यान्वयन समिति (राकास) की 66वीं बैठक 25 अगस्त, 2023 को आयोजित की गई। डॉ. (श्रीमती) सी तारा सत्यवती, निदेशक, भाश्रीअनुसं एवं अध्यक्ष, राकास के स्वागत संबोधन से बैठक शुरू हुई। बैठक में अन्य सदस्य - डॉ. जिनु जेकब, प्रभारी अधिकारी-हिंदी अनुभाग, डॉ. बी दयाकर राव, प्रभारी अधिकारी-वेबसाइट व सूचना प्रौद्योगिकी, डॉ. आर मधुसूदन, प्रभारी अधिकारी-पीएमई कक्ष; डॉ. बी वेंकटेश भट्ट, प्रभारी अधिकारी-तकनीकी एवं मीडिया कक्ष; डॉ. सूगण्ण, प्रभारी अधिकारी-पुस्तकालय, श्रीमती ऋतु दलाल, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, श्री शेख रूक्मान, वित्त एवं लेखा अधिकारी तथा सदस्य सचिव, डॉ. महेश कुमार, सहायक मुख्य तकनीकी अधिकारी (राजभाषा) उपस्थित थे। सदस्य सचिव ने भाश्रीअनुसं में राजभाषा कार्यान्वयन से संबंधित विभिन्न मुद्दों को प्रस्तुत किया। सितंबर माह में हिंदी चेतना मास को भव्य रूप से मनाने तथा हिंदी में विभिन्न प्रतियोगिताएं, हस्ताक्षर अभियान चलाने तथा हिंदी कार्यशाला आयोजित करने संबंधी निर्णय लिए गए। इसके अलावा, समिति ने कार्यालय के दैनंदिन कार्यों में राजभाषा के उपयोग को बढ़ाने से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर भी चर्चा की। डॉ. महेश कुमार के धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक संपन्न हुई।



## सम्मान

**डॉ. सी तारा सत्यवती**, निदेशक, भाकृअनुप-भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद ने 6-8 अगस्त 2023 के दौरान एमएसएसआरएफ, चेन्नई में खाद्य, पोषण और स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण श्री अन्न पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया तथा "भारत में श्री अन्न में सुधार" पर व्याख्यान दिया। डॉ. सी तारा सत्यवती ने "भारत में श्री अन्न की मूल्य शृंखलाओं का उपयोग व सुदृढ़ीकरण" पर एक सत्र की अध्यक्षता भी की।

**डॉ. सी तारा सत्यवती**, निदेशक भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं और **डॉ. बी दयाकर राव,** प्रधान वैज्ञानिक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी, पोषण केंद्र, भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं ने 31 अगस्त 2023 को होटल वेस्टिन गुड़गांव, नई दिल्ली में "नेस्ले इंडिया द्वारा नेस्ले ए+ मसाला श्री अन्न उत्पाद (बाजरा) वेजी और



टमाटर फ्लेवर" के लोकार्पण कार्यक्रम में भाग लिया। डॉ. तारा सत्यवती ने अपने संबोधन में कहा कि विटामिन, खनिज और आहारीय रेशे के उच्च स्तर के कारण श्री अन्न का मानव आहार में महत्वपूर्ण योगदान है। मिलेट्स, जिसे भारत में 'श्री अन्न' नाम से जाना जाता है, अंतर्राष्ट्रीय श्री अन्न वर्ष के अनुरूप आगे बढ़ रहे हैं। ग्रामीण व शहरी लोगों में श्री अन्न व श्री अन्न आधारित खाद्य उत्पादों की बढ़ती मांग निश्चित रूप से उनके पकाने को तैयार तथा खाने को तैयार मूल्यवर्धित उत्पादों के साथ भारत में श्री अन्न खाद्य उद्योग के बाजार को बढ़ावा देगी।

**डॉ. बी. दयाकर राव,** प्रधान वैज्ञानिक ने आईटीसी लिमिटेड के द्वारा 31 अगस्त, 2023 को "बाल पोषण योजना" के शुभारंभ कार्यक्रम में भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने श्री अन्न स्वास्थ्य खाद्य प्रौद्योगिकियों और व्यंजनों के संबंध में आईटीसी के मु.का.अधिकारी एवं उनके दल के साथ चर्चा की। इसके अलावा, आईटीसी द्वारा नई दिल्ली में एक श्री अन्न केंद्र की स्थापना के बारे में भी चर्चा हुई, जहां भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं का पोषण केंद्र ज्ञान साझेदार के रूप में काम करेगा।

**डॉ. महेश कुमार,** सहायक मुख्य तकनीकी अधिकारी (राजभाषा), भाश्रीअनुसं, हैदराबाद को संसदीय राजभाषा समिति के निरीक्षण के संबंध में मार्गदर्शन हेतु 7-8 अगस्त, 2023 के दौरान विपणन और निरीक्षण निदेशालय (डीएमआई), कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार, हैदराबाद के द्वारा विषय-विशेषज्ञ के रूप में आमंत्रित किया गया। विपणन और निरीक्षण निदेशालय, हैदराबाद का निरीक्षण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। विपणन और निरीक्षण निदेशालय, हैदराबाद के प्रभारी ने निदेशक, भाश्रीअनुसं, हैदराबाद को एक मेल के माध्यम से डॉ. महेश कुमार द्वारा दिए गए मार्गदर्शन की सराहना की।

## पुरस्कार

**डॉ. बी दयाकर राव,** प्रधान वैज्ञानिक, भाश्रीअनुसं ने भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं की प्रौद्योगिकी उष्मायन सुविधा - पोषण केंद्र में उल्लेखनीय सेवाओं के लिए 24 अगस्त, 2023 को होटल ताज विवांता, द्वारका, नई दिल्ली में आयोजित "खाद्य सुरक्षा और पोषण शिखर सम्मेलन" के दौरान "**भारत में सर्वश्रेष्ठ सीईओ - एग्री फूड टेक इन्क्यूबेटर्स"** पुरस्कार ग्रहण किया। इस अवसर पर डॉ. दयाकर ने अपना बीज व्याख्यान भी दिया।

## व्याख्यान

**डॉ. बी दयाकर राव,** प्रधान वैज्ञानिक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी, पोषण केंद्र, भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं ने 8 अगस्त, 2023 को डॉ. एमएस स्वामीनाथन रिसर्च फाउंडेशन, चेन्नई के द्वारा खाद्य, पोषण और स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण श्री अन्न पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में एक व्याख्यान दिया। सम्मेलन का उद्देश्य खाद्य सुरक्षा, पोषण संबंधी कल्याण और सार्वजनिक स्वास्थ्य को बढ़ाने में श्री अन्न के महत्वपूर्ण पहलुओं को संबोधित करना था।

**डॉ. स्वर्णा रोणंकि,** वैज्ञानिक, भाश्रीअनुसं ने 23 अगस्त, 2023 को "श्री अन्न फसल उत्पादन, प्रसंस्करण, मूल्य वर्धन और विपणन में अभिनव प्रगति" पर लघु पाठ्यक्रम के प्रशिक्षार्थियों को "लघु श्री अन्न की बेहतर उत्पादन पद्धतियां" पर व्याख्यान दिया।

**डॉ. एस श्रीविद्या**, वैज्ञानिक ने भाश्रीअनुसं के द्वारा 16-25 अगस्त, 2023 के दौरान आयोजित 'श्री अन्न फसल उत्पादन, प्रसंस्करण, मूल्य वर्धन और विपणन में अभिनव प्रगति' पर लघु पाठ्यक्रम के प्रतिभागियों को 19 अगस्त, 2023 को "जलवायु लचीलेपन हेतु श्री अन्न : प्रमुख लक्षणों का उपयोग" पर व्याख्यान दिया।

**डॉ. अमसिद्ध बी,** वैज्ञानिक ने 24 अगस्त 2023 को भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद में मध्य प्रदेश राज्य के सीएटी ज्ञानवर्धक दौरे में मध्य प्रदेश राज्य के किसानों एवं आत्मा के कर्मचारियों के लिए "श्री अन्न में अभिनव उत्पादन पहलू" पर हिंदी में व्याख्यान दिया। ।

**डॉ. संगप्पा,** वैज्ञानिक, **भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद** ने मैनेज के द्वारा 4 अगस्त, 2023 को आयोजित वेबिनार के सहभागियों को जागरूक करने हेतु **श्री अन्न** के पोषण महत्व और व्यावसायिक अवसरों पर व्याख्यान दिया।

## किउसं समाचार

### *आं.प्र. तथा तेलंगाना किउसं के मु.का.अधिकारियों और लेखाकारों हेतु क्षमता निर्माण कार्यक्रम*

भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद ने 31 अगस्त से 1 सितंबर 2023 तक आं.प्र. तथा तेलंगाना किउसं के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों और लेखाकारों के लिए दो दिवसीय क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। इस प्रशिक्षण के दौरान तेलंगाना एवं आंध्र प्रदेश किउसं के मु.का.अधिकारियों, लेखाकारों, अध्यक्षों, निदेशकों के साथ परस्पर व्यवहारिक चर्चा की गई। डॉ. प्रसाद, वरिष्ठ वैज्ञानिक, डीएएटीटीसी, नंद्याल, एएनजीआरएयू के द्वारा किउसं के लिए व्यावहारिक व्यावसायिक अवसरों पर चर्चा की गई। सभी सहभागियों ने किउसं से संबंधित गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लिया और व्यवसाय स्थापित करने में अपनी रुचि दर्शायी। डॉ. संगप्पा, श्री के श्रीनिवास बाबू ने किउसं-नेस्ट दल के साथ मिलकर इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का समन्वय किया।

### *बैंकरों और भावी उद्यमियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम (एआईएफ)*

भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद के किउसं नेस्ट दल ने 3 अगस्त 2023 को परियोजना अनुवीक्षण एकक (पीएमयू), एआईएफ, एनएबीसीओएनएस, नाबार्ड, हैदराबाद द्वारा आयोजित किउसं से जुड़ी आर्थिक सहायता योजनाओं पर ऑनलाइन जागरूकता कार्यक्रम में भाग लिया।

### *एसएफएसी किउसं मु.का.अधि. हेतु समीक्षा बैठक*

किउसं नेस्ट दल, भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद ने 4 अगस्त 2023 को कर्नाटक में भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद के द्वारा प्रवर्तित लघु कृषक कृषि व्यापार संघ किउसं और मु.का.अधि. के लिए समीक्षा बैठक आयोजित की।

### *डब्ल्यूडीडी द्वारा किउसं एकसमान ब्रांडिंग पर बैठक*

किउसं नेस्ट दल ने 4 अगस्त 2023 को डब्ल्यूडीडी आयुक्त की अध्यक्षता में किउसं एकसमान ब्रांडिंग बैठक में भाग लिया। किउसं के फेडरेशन के गठन, सभी किउसं की एकसमान ब्रांडिंग, मूल्य संवर्धन और लेबलिंग पर चर्चा की गई।

### *नाबार्ड, तेलंगाना, आरओ द्वारा तेलंगाना किउसं हेतु समीक्षा बैठक*

नाबार्ड, तेलंगाना-आरओ, हैदराबाद ने 8 अगस्त, 2023 को सीबीबीओ समीक्षा बैठक आयोजित की। श्रीमती सुशीला चिंताला (सीजीएम), श्रीमती उषा रानी (जीएम) तथा श्रीमती सुनैना ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं की किउसं-नेस्ट दल ने किउसं कर्मचारियों के साथ त्रैमासिक समीक्षा बैठक में भाग लिया तथा किउसं की प्रगति प्रस्तुत की। पीएमएफएमई के साथ एआईएफ अभिसरण जैसी क्रेडिट लिंकेज योजनाओं का लाभ उठाने में किउसं के सामने आने वाली कठिनाइयों पर नाबार्ड के अधिकारियों के साथ चर्चा की गई।

### *धारवाड़ तालुका एफपीसी की समीक्षा बैठक*

किउसं नेस्ट दल ने 12-15 अगस्त 2023 के दौरान भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद के द्वारा प्रवर्रित कर्नाटक के धारवाड़ तालुका किउकं, अलनावर तालुका किउकं और अन्निगेरी तालुका किउकं का दौरा किया तथा किउसं की प्रगति की समीक्षा की।

### *राकृअनुप्रअ द्वारा तेलंगाना मु.का.अधिकारियों के लिए बैठक*

नाबार्ड तेलंगाना-आरओ तथा राकृअनुप्रअ, हैदराबाद ने 5 अगस्त 2023 को कृषि व्यवसाय प्रबंधन विकास कार्यक्रम (एबीएमडीपी) पर बैठक आयोजित की जिसमें भाश्रीअनुसं-हैदराबाद के किउसं नेस्ट दल ने भाग लिया।

### *तेलंगाना तथा आं.प्र. किउसं हेतु समीक्षा बैठक*

श्री श्रीनिवास बाबु और डॉ. संगप्पा वैज्ञानिक, भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं ने किउसं-नेस्ट दल के साथ 24-25 अगस्त 2023 को भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं के द्वारा प्रवर्तित तेलंगाना तथा आं.प्र. किउसं की समीक्षा बैठक का आयोजन किया जिसमें किउसं की गतिविधियों पर चर्चा की गई एवं सभी मु.का.अधिकारियों को, केंद्रीय योजनाओं के अभिसरण के साथ, व्यापार बढ़ाने हेतु सदस्यों पर ध्यान देने का सुझाव दिया गया।

***एसएफएसी किउसं सीईओ के साथ समीक्षा बैठक एवं ऑडिट संबंधी चर्चा***

किउसं नेस्ट टीम ने भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद द्वारा प्रवर्तित एसएफएसी किउसं मु.का.अधिकारियों के लिए 22 अगस्त 2023 को एक समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक के दौरान किउसं की वर्तमान प्रगति का आकलन किया गया और मु.का.अधिकारियों को किसानों के समूहन, व्यावसायिक गतिविधियों एवं आयोजित किए जाने वाले जागरूकता अभियानों के संबंध में भावी कार्य योजनाएं प्रदान की गईं। श्री सुप्रदीप आनंद, चार्टर्ड अकाउंटेंट के द्वारा लेखा परीक्षा संबंधी प्रश्नों का समाधान किया गया। भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं के किउसं-नेस्ट दल ने उक्त बैठक का समन्वय किया।

***ओएनडीसी सिंहावलोकन पर सत्र***

भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं के किउसं नेस्ट दल ने 31 अगस्त 2023 को ओएनडीसी-मैसूर के द्वारा आयजित बैठक में भाग लिया। यह बैठक ई-कॉमर्स विक्रेताओं के सामने आने वाली समस्याओं के समाधान और ओएनडीसी के लिए इन समस्याओं को दूर करने के लिए कार्य-नीतियों की खोज पर केंद्रित थी।

## आगंतुक

***अभाआसं, बीबीनगर दल का दौरा***



अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) बीबीनगर से डॉ. विशाखा जैन, अतिरिक्त प्रोफेसर एवं मेडिसिन प्रमुख, उप चिकित्सा अधीक्षक तथा नोडल अधिकारी - अंश्रीव 2023 के नेतृत्व में विभिन्न विषयों से संबंधित डॉक्टरों के एक दल ने 30 अगस्त, 2023 को भाश्रीअनुसं, हैदराबाद का दौरा किया। उक्त दल ने डॉ. (श्रीमती) सी तारा सत्यवती, निदेशक, भाश्रीअनुसं तथा डॉ. बी दयाकर राव, मु.का.अधिकारी, पोषण केंद्र, भाश्रीअनुसं से भेंट की। भेंट के दौरान दल ने और संभावित अनुसंधान सहयोग का पता लगाने एवं वैज्ञानिक सहयोग को आगे बढ़ाने संबंधी नीतियों के बारे में संक्षिप्त चर्चा की। डॉ. महेश कुमार, सहायक मुख्य तकनीकी अधिकारी (राजभाषा) ने दौरे का समन्वय किया।

***अक्षय पात्रा फाउंडेशन***

**श्री अनंत अरोड़ा,** चिफ सस्टेनेबिलिटी एंड कॉम्युनिकेशन अधिकारी, अक्षय पात्रा फाउंडेशन ने अपने दल के साथ श्री अन्न व उनके मूल्य वर्धित उत्पादों के पारस्परिक प्रचारार्थ भाश्रीअनुसं के साथ संभावित सहयोग पर चर्चा के लिए 25 अगस्त, 2023 को भाकृअनुप-भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद का दौरा किया।

***निदेशक, भाकृअनुप-केबाकृअनुसं***

**डॉ. विनोद कुमार सिंह,** निदेशक, भाकृअनुप-केबाकृअनुसं ने अपने दल के साथ 23 अगस्त, 2023 को भाकृअनुप-भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद का दौरा किया। भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं की निदेशक डॉ. सी तारा सत्यवती ने उन्हें उत्कृष्टता केंद्र, सामान्य सुविधा केंद्र एवं पोषण केंद्र का निर्देशित दौरा कराया।

***निदेशक, भाकृअनुप-केंकृअसं***

**डॉ. सी आर** मेहता, निदेशक, भाकृअनुप-केंद्रीय कृषि अभियांत्रिक संस्थान ने नवीनतम श्री अन्न प्रसंस्करण प्रौद्योगिकियों के संबंध में प्रत्यक्ष जानकारी प्राप्त करने हेतु भाकृअनुप- भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद का दौरा किया।

***प्रशिक्षार्थी***

मैनेज से कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार की आरकेवीवाई-रफ़्तार योजना के अंतर्गत कुल 57 कृषि नवोद्यमियों ने अपने प्रशिक्षण के एक भाग के रूप में श्री अन्न के क्षेत्र में नवीनतम श्री अन्न प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन प्रौद्योगिकियों और व्यावसायिक अवसरों के बारे में जानने के लिए 25 अगस्त, 2023 को भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान,

हैदराबाद का दौरा किया।



विभिन्न कृषि विश्वविद्यालयों, भाकृअनुप संस्थानों, कृविकें, महाविद्यालयों के 30 कृषि वैज्ञानिकों व संकायों, विकासात्मक विभागों के अधिकारियों, गैर -सरकारी संगठनों एवं ऊष्मायन केंद्र के सदस्यों ने श्री अन्न पारिस्थितिकी तंत्र तथा व्यापार के अवसरों के बारे में जानने के लिए 22 अगस्त, 2023 को भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद का दौरा किया। यह दौरा "कृषि -स्टार्टअप और उद्यमिता के समर्थन हेतु नवाचार व ऊष्मायन पारिस्थितिकी तंत्र पर राष्ट्रीय संकाय विकास कार्यक्रम" का हिस्सा था।

आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक, तेलंगाना तथा केरल से विपणन तथा निरीक्षण निदेशालय से 22 क्षेत्रीय अधिकारियों ने श्री अन्न के क्षेत्र में व्यापार के अवसरों के बारे में प्रत्यक्ष जानकारी प्राप्त करने हेतु 29 अगस्त, 2023 को पोषण केंद्र, भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं का दौरा किया।

### *किसान*

तमिलनाडु के लगभग 20 किसानों ने विभिन्न श्री अन्न प्रसंस्करण व मूल्य वर्धन प्रौद्योगिकियों के बारे में जानने हेतु 07 अगस्त 2023 को भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं का दौरा किया। इस यात्रा को आत्मा, तमिलनाडु के द्वारा सुकर बनाया गया।

### *छात्र*

- ब्रह्मम टैलेंट हाई स्कूल, हैदराबाद, तेलंगाना से 08 अगस्त 2023 को कुल 125 छात्र।
- विज्ञान विश्वविद्यालय, गुंटूर, आंध्र प्रदेश से 21 अगस्त, 2023 को लगभग 68 छात्र।
- कृषि महाविद्यालय, पालम, तेलंगाना से 22 अगस्त, 2023 को 63 कृषि छात्र।
- कृषि महाविद्यालय, विलाद घाट, अहमदनगर से 25 अगस्त, 23 को 62 छात्र ।

डॉ. एम एलंगोवन, डॉ. वी एम मालती, श्रीमती हेमाशंकरी, डॉ. ए श्रीनिवास तथा डॉ. वी रवि कुमार एवं पोषण केंद्र के दल के द्वारा उक्त दौरों का समन्वय किया गया।

## ऑनलाइन व प्रत्यक्ष बैठक/कार्यशाला/प्रशिक्षण/सम्मेलन में सहभागिता

| क्र.सं. | अधिकारी का नाम | कार्यक्रम विवरण | प्रकार | आयोजक | तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सी तारा सत्यवती, बी दयाकर राव, सी संगप्पा, एस श्रीविद्या तथा स्वर्णा रोणंकि | खाद्य, पोषण और स्वास्थ्य सुरक्षा हेतु महत्वपूर्ण श्री अन्न पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन | अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन | एमएसएसआरएफ, चेन्नई | 6-8 अगस्त, **2023** |
| 2 | सी तारा सत्यवती | वैज्ञानिक सम्मेलन के संबंध में चर्चा के लिए आभासी बैठक | बैठक | ब्रह्म कुमारी, मेहदीपट्टनम | 9 अगस्त, **2023** |
| 3 | सी तारा सत्यवती | "वैज्ञानिक संवर्ग के लिए स्पैरो में रिपोर्टिंग और समीक्षा के लिए संवेदनशीलता" हेतु आभासी बैठक | बैठक | भाकृअनुप, नई दिल्ली | 9 अगस्त, 2023 |
| 4 | सी तारा सत्यवती | 7वां दीक्षांत समारोह 2023 | सम्मेलन | मैनेज, हैदराबाद | 12 अगस्त, 2023 |
| 5 | ए वी उमाकांत | "श्री अन्न के महत्व को उजागर करना : नवाचार, चुनौतियां व अवसर" पर अंतर्राष्ट्रीय वेबिनार | वेबिनार | सीआईएमएमवाईटी, केन्या | 24 अगस्त, 2023 |
| 6 | महेश कुमार | नराकास-हैदराबाद-2 द्वारा तकनीकी हिंदी कार्यशाला का आयोजन | कार्यशाला | भातिअनुसं, हैदराबाद | 24 अगस्त, 2023 |
| 7 | स्वर्णा रोणंकि | बीआईएसए-सीआईएमएमवाईटी स्थापना कार्यशाला | कार्यशाला | भाकृअनुप-क्रिडा, हैदराबाद | 21-22 अगस्त, 2023 |
| 8 | सी तारा सत्यवती तथा बी दयाकर राव | नेस्ले इंडिया द्वारा "नेस्ले ए+ मसाला श्री अन्न उत्पाद" का शुभारंभ कार्यक्रम | सम्मेलन | होटल वेस्टिन गुड़गांव, नई दिल्ली | 31 अगस्त, 2023 |